
# स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने के स्टेपवाइज (stepwise) निर्देश

1. “dce.rajasthan.gov.in” के होम पेज पर उपलब्ध “ADMISSION” पर क्लिक करें ।





2. ADMISSION पेज पर उपलब्ध समस्त जानकारी एवं ऑनलाइन आवेदन भरने के steps का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लेवें ।

3. आवेदन करने के लिए उपलब्ध लिंक पर क्लिक करें ( क्रम संख्या-3)




4. सम्पूर्ण राजकीय महाविद्यालयों की सूची एवं उनमें संचालित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की सूची प्राप्त होगी।




5. इस सूची में से ऊपर दिए गए ड्राप-डाउन की सहायता से इच्छित कोर्स का चयन करें । यह कोर्स जिन महाविद्यालयों में संचालित है उन महाविद्यालयों की लिस्ट नीचे खुल जायेगी । लिस्ट को छोटा करने के लिए आप जिले अनुसार फ़िल्टर भी कर सकते हैं ।


6. महाविद्यालय के नाम पर क्लिक करने पर चयनित महाविद्यालय का इच्छित कोर्स का आवेदन फॉर्म खुल जाएगा । आवेदन करते समय फॉर्म के ऊपर बायीं ओर आपके द्वारा चयनित महाविद्यालय का नाम देख कर यह सुनिश्चित कर लें कि यह आवेदन आपके द्वारा चाहे गए महाविद्यालय का ही है ।
**(नोट: उदयपुर जिले की महिला अभ्यर्थी मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर में आवेदन करते समय इसे जांच लें)**

**7.** अपनी अर्हकारी (स्नातक) परीक्षा के संकाय और आवेदित कोर्स के संकाय के आधार पर उपलब्ध विकल्पों “Same Faculty” व “Other Faculty” में से एक विकल्प का चयन करें । विज्ञान संकाय में आवेदन के लिए अन्य संकाय के अभ्यर्थी आवेदन के लिए योग्य नहीं होने के कारण Other Faculty विकल्प उपलब्ध नहीं है ।

नोट: “Same Faculty” के चयन के लिए

1. M.A के लिए B.A., M.Com. के लिए B.Com., M.Sc. के लिए B.Sc. **समान (Same) Faculty** है ।

2. जिन स्नातकोत्तर कोर्सेज में प्रवेश के लिए स्नातक कक्षाओं में किसी ऐच्छिक विषय होने सम्बन्धी बाध्यता है, उन पाठ्यक्रमों में आवेदन करने वाले पात्र अभ्यर्थी सम्बंधित ऐच्छिक विषय होने पर **“Same Faculty”** का चयन कर आवेदन करें । जैसे M.Sc.(Maths) के लिए स्नातक स्तर पर गणित विषय होना आवश्यक है अतः B.A व B.Sc. में गणित विषय वाले अभ्यर्थी M.Sc.(Maths) में आवेदन करने पर **“Same Faculty”** वाले विकल्प से आवेदन करें ।


Admission Form

Back

(*) - Star marked fields must be filled by the applicant


केवल मनोरंजन/अन्य किसी को परेशान करने/प्रवेश प्रक्रिया को दूषित करने हेतु यह प्रपत्र भरने पर IT Act-2008 के अंतर्गत आप पर कार्यवाही की जा सकती है| याद रहे आपका IP Address दर्ज हो रहा है| सहयोग के लिए धन्यवाद|

BASIC DETAILS OF QUALIFYING EXAM

Applying In* ◉ Same Faculty ○ Other Faculty

**नोट: “Other Faculty” के चयन के लिए**

M.A के लिए जिन विषयों में B.Sc.,B.Com. या अन्य स्नातक कोर्स उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र हैं वे Other Faculty का चयन कर आवेदन करें। इसी प्रकार M.com. के लिए B.Sc.,B.A. या अन्य स्नातक कोर्स उत्तीर्ण अभ्यर्थी **Other Faculty** का चयन कर आवेदन करें।


Admission Form

Back


(*) - Star marked fields must be filled by the applicant

केवल मनोरंजन/अन्य किसी को परेशान करने/प्रवेश प्रक्रिया को दूषित करने हेतु यह प्रपत्र भरने पर IT Act-2008 के अंतर्गत आप पर कार्यवाही की जा सकती है| याद रहे आपका IP Address दर्ज हो रहा है| सहयोग के लिए धन्यवाद|

BASIC DETAILS OF QUALIFYING EXAM

Applying In* ◉ Same Faculty ○ Other Faculty

8. दसवीं कक्षा की अंकतालिका के आधार पर आवेदन पत्र में चाही गयी व्यक्तिगत जानकारियां भरें ।


PERSONAL DETAILS (ALL INFORMATION SHOULD BE AS PER X MARKSHEET)
व्यक्तिगत जानकारियाँ (दसवीं की अंकतालिका के अनुसार)

Name of Applicant*

Father's Name*

Mother's Name*

Gender* ○ Male ○ Female ○ Other

Date of Birth*

Mobile No. (To receive SMS for admission)* +91 -

Email ID

Voter Id No

Aadhar No.

Bhamashah Card No.

Category* --Select--

Are you Differently Abled (DIVYANG) ?* ○ Yes ○ No
(Refer, Point No. 6.2 of Admission Policy)

Are you Wife/Ward of defence/CAPF personnel ?* ○ Yes ○ No
(Refer, Point No. 6.4 of Admission Policy)

Are you from BPL family?* ○ Yes ○ No

Are you Kashmiri Migrant?* ○ Yes ○ No
(Refer, Point No. 6.5 of Admission Policy)


Are You Applying Under Teacher Quota?* ◉ Yes ○ No
(Only for Science Subject in PG)

9. Teacher Quota : विज्ञान विषयों में शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षक विभाग की अनुमति लेकर आवेदन करें तो ही Yes पर क्लिक करें। Yes करने पर शिक्षा विभाग का नामित किये जाने का आदेश अपलोड करना अनिवार्य होगा


10. "ADDRESS DETAILS" के तहत राजस्थान के मूल निवासी होने पर "YES" क्लिक करें तथा अन्य आवेदक "NO" पर क्लिक करें । इसके उपरांत अपना वर्तमान पता तथा स्थायी पता भरें । यदि दोनों ADDRESS समान हो तो वर्तमान पता भरने के बाद "COPY" पर क्लिक करें । जिससे स्थायी पता स्वतः ही भर जायेगा ।





11. "CLAIM FOR BONUS MARK" यदि आवेदक बोनस अंक हेतु आवेदन करता है तो yes पर क्लिक करना होगा ऐसे आवेदक प्रवेश नीति के बिंदु 6.7.1 से 6.7.10 के सम्बंधित नियमों का अध्ययन अवश्य कर लें । Bonus Type में ड्राप-डाउन में जिस प्रकार के बोनस हेतु दावा करना चाहते हैं उसका चयन करें ।




12. " BASIC DETAILS OF QUALIFYING EXAM PASSED" वाले कॉलम में आवेदक को अर्हकारी (स्नातक) परीक्षा , जिसके आधार पर प्रवेश हेतु आवेदन कर रहे हैं, का विवरण देना होगा । इसमें **Faculty**( Arts/ commerce/science/other), **course Name**(B.A./B.Sc./B.Com. /other), **course Type** (Pass/ Honours), **Study from State** , **Name of the University**, **Passing Year** एवं जिन विषयों में आपने अर्हकारी (स्नातक) परीक्षा उत्तीर्ण की है "**Subject Opted**" में उसकी जानकारी देनी होगी । Passing Year 2016 से पूर्व का होने पर अंतराल(Gap) सम्बन्धी विवरण के लिए उपलब्ध बॉक्स में संक्षिप्त विवरण भरें। यदि आपने पूर्व मे भी स्नातकोत्तर परीक्षा नियमित विद्यार्थी के रूप में उत्तीर्ण की है तो उसका विवरण अवश्य देवें एवं सम्बंधित अंतराल शपथ पत्र मेरिट लिस्ट में नाम आने पर महाविद्यालय में जमा करावें ।




13. "Marks Detail" में Roll No., Enrollment No., Type of Study (collegiate/ Non-Collegiate/Correspondence) , यदि Collegiate (नियमित) है तो महाविद्यालय का नाम, कुल अंक, कुल प्राप्तांक व Result सम्बंधित सूचनाएं भरे । परीक्षा परिणाम "पूरक" होने की स्थिति में आगे उपलब्ध बॉक्स में सम्बंधित जानकारी भरें ।




14. यदि आप स्नातक विषय में रहे विषय वाले स्नातकोत्तर विषय के लिए आवेदन कर रहे हैं तो यहाँ उपलब्ध विकल्प में “YES” के विकल्प का चयन करें एवं स्नातक परीक्षा के उस विषय में प्राप्त तीनों वर्षों के अंकों का विवरण भरें नोट:


A. 6 सेमिस्टर प्रणाली से उत्तीर्ण अभ्यर्थी पार्ट I के लिए उपलब्ध बॉक्स में प्रथम व द्वितीय सेमिस्टर के उस विषय के अंकों का योग, पार्ट II के लिए उपलब्ध बॉक्स में तृतीय व चतुर्थ सेमिस्टर के उस विषय के अंकों का योग, पार्ट III के लिए उपलब्ध बॉक्स में पांचवें व छटे सेमिस्टर के उस विषय के अंकों का योग भरें I

B. चार वर्षीय स्नातक कोर्स उत्तीर्ण अभ्यर्थी पार्ट III के लिए उपलब्ध बॉक्स में तीसरे व चौथे वर्ष के उस विषय के अंकों का योग भरें I

**आवेदित स्नातकोत्तर विषय यदि स्नातक स्तर पर नहीं रहा है तो “No” विकल्प का चयन करने पर विषय के अंक भरने का विकल्प प्राप्त नहीं होगा I**





15. “Educational Background” दसवीं एवं बारहवीं/समकक्ष कक्षा का विवरण भरें I




16. इसी स्थान पर आवेदक को वह राजकीय महाविद्यालय एवं कोर्स जिसमें वह प्रवेश लेना चाहता है, भरा हुआ प्राप्त होगा, जिसके लिए उसने आवेदन किया है I आवेदक को इस कॉलम में भरी हुई सूचनाएं ध्यानपूर्वक पढ़ लेनी चाहिए।

17. “Other details” कॉलम के अंतर्गत माता- पिता / संरक्षक से सम्बन्धित जानकारियां, आवेदक द्वारा चयनित की जाने वाली गतिविधियां एवम् बैंक खाते से संबंधित जानकारियां भरी जानी हैं।



**BANK A/C DETAILS (IN CASE OF FEE REFUND)**

| | |
|---|---|
| Bank Account No. | |
| Name of Account holder | |
| Name of Bank | --Select-- |
| Branch Name and Place | |
| Branch IFSC Code | |

18. "Attachments" के तहत आवेदक को फोटो,हस्ताक्षर, बोनस व आरक्षित श्रेणी का लाभ लेने हेतु प्रमाण पत्र ( यदि लागू हो ) अपलोड करने होंगे । इसके अतिरिक्त जहाँ आवश्यक हो अर्हकारी परीक्षा की अंतिम वर्ष की अंकतालिका/ अर्हकारी परीक्षा की तीनों वर्षों की अंकतालिकाएं (स्नातक में आवेदित विषय होने पर) अपलोड करनी होंगी ।

A. **6 सेमिस्टर प्रणाली से उत्तीर्ण अभ्यर्थी** (स्नातक में आवेदित विषय होने पर) निम्नानुसार अपलोड करना है :
   पार्ट I के लिए उपलब्ध विकल्प में प्रथम व द्वितीय सेमिस्टर की अंकतालिकाओं की एक फाइल बना कर,
   पार्ट II के लिए उपलब्ध विकल्प में तृतीय व चतुर्थ सेमिस्टर की अंकतालिकाओं की एक फाइल बना कर,
   पार्ट III के लिए उपलब्ध विकल्प में पांचवें व छटे सेमिस्टर की अंकतालिकाओं की एक फाइल बना कर

B. **चार वर्षीय स्नातक कोर्स उत्तीर्ण अभ्यर्थी** (स्नातक में आवेदित विषय होने पर) पार्ट III के लिए उपलब्ध बॉक्स में तीसरे व चौथे वर्ष की अंकतालिकाओं की एक फाइल बना कर अपलोड करें ।

**ध्यान रहे कि दस्तावेज सिर्फ jpg / jpeg फार्मेट में निर्धारित आकार (kb) में ही अपलोड किये जा सकेंगे।**

**ATTACHMENTS :**

आपको फोटो, हस्ताक्षर एवं निम्न मूल प्रमाण पत्रों की स्केनड कॉपी अपलोड करनी है। अपलोड हेतु सिर्फ JPG/JPEG फॉर्मेट स्वीकार्य है फोटो का साइज़ कम करने के लिए RIOT Image Compressor लिंक का इस्तमाल करके सॉफ्टवेर को इंस्टाल कर सकते है |

| | |
|---|---|
| Applicant's Photo (Minimum 50KB and Maximum 100KB)* | Choose File No file chosen |
| Applicant's Signature (Minimum 20KB and Maximum 50KB)* | Choose File No file chosen |
| Certificate for bonus marks (Minimum 250KB and Maximum 500KB)* | Choose File No file chosen |
| Marksheet of last qualifying examination (Minimum 250KB and Maximum 500KB)* | Choose File No file chosen |
| Category (Caste) Certificate (Minimum 250KB and Maximum 500KB)* | Choose File No file chosen |
| ScheduleG Certificate (Minimum 250KB and Maximum 500KB)* | Choose File No file chosen |

**आवेदक की घोषणा**

- मैं प्रत्येक विषय के पेपरों में नियमानुसार न्यूनतम उपस्थिति की अनिवार्यता विषयक प्रावधान का पालन करूँगा/करूँगी, मुझे यह ज्ञान है कि मेरी उपस्थिति न्यून होने की स्थिति में मेरे विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी ।
- मैं सेवा में नहीं हूं तथा मैं महाविद्यालय में नियमित रूप से अध्ययन करूँगा/करूँगी और मैं सत्रपर्यंत किसी सरकारी/अर्द्धसरकारी या निजी संस्था में वैतनिक/संविदा कार्य नहीं करूँगा/करूँगी।
- यदि मैं सेवा में हूँ तो मैं नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर दूँगा/दूँगी।
- मैं महाविद्यालय परिसर में धूम्रपान/तम्बाखू निषेध सम्बन्धी नियमों का पालन करूँगा/करूँगी।
- मैं समानान्तर रूप से किसी अन्य महाविद्यालय में अध्ययनरत नहीं रहूंगा/ रहूंगी।

☐ * मैं उपरोक्त शर्तों के पालन हेतु अपनी सहमति प्रदान करता/करती हूँ |

**नोट :-**

- ऑनलाइन आवदेन प्रपत्र में लाल तारांकित बिंदुओं को अनिवार्य रूप से भरना होगा| इसके बिना आवदेन SUBMIT नहीं होगा| यदि त्रुटिवश कोई आवश्यक सूचना भरनी रह गई है तो submit करने पर इनकी सूची आपको आवदेन फॉर्म के प्रारंभ में लाल स्याही में दिखाई देगी| आप इन्हें आवेदन फॉर्म में भरकर आवदेन submit करें|
- गलत सूचना भरने तथा गलत दस्तावेज अपलोड करने पर आवेदक का फॉर्म निरस्त कर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी ।
- **अभ्यर्थी फॉर्म submit नहीं होने पर कोर्स के लिए निर्धारित पात्रता शर्तों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि से पूर्व ही महाविद्यालय से जानकारी कर लें ।**